# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : प्रशा०/176/2025 दिनांक : 19/06/2025

सेवा में,

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. मुख्य प्रानुशासक, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक, आवासीय संस्थान।
4. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
5. समन्वयक, राष्ट्रीय कैडेट कोर, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
6. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय। डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय : अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21.06.2025 पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक ई–4299/32–जी0एस0/2025 दिनांक 18.06.2025, ई–3458/32–जी0एस0/2025 दिनांक 27.05.2025 तथा ई–4101/32–जी0एस0/2025 दिनांक 11.06.2025 का सन्दर्भ में ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं प्रस्तावित विश्व कीर्तिमान को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए निम्नांकित बिन्दुवार कार्यवाही की जायेगीः–

1. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनाक 21.06.2025) पर सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधा प्रसारण (Live Telecast 07:00 am to 07:45 am) की व्यवस्था की जायेगी।
2. मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के पश्चात् आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी मानक योग प्रोटोकॉल (Standard Yoga Protocol) का पूर्ण रूप से पालन करते हुए योग कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा।
3. मानक योग प्रोटोकॉल (Standard Yoga Protocol) के उपरान्त माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया का संदेश, जो ऑडियो/वीडियो में होगा. प्रसारित किया जायेगा।
4. माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया के संदेश के प्रसारण के पश्चात् विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के उद्देश्य से एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक सभी जगह किया जायेगा। इस आयोजन के जियो टैग फोटोग्राफ एवं वीडियो रिकार्डिंग करायी जायेगी तथा सूर्य नमस्कार में उच्चारित होने वाले मंत्र एवं उसका यू–ट्यूब लिंकः भी संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।
5. जहाँ तक सम्भव हो सूर्य नमस्कार में प्रतिभागियों की वेशभूषा एक समान रखी जाय।
6. विश्व कीर्तिमान हेतु पत्येन स्थल पर सूर्य नमस्कार के प्रतिभागियों की संख्या की गणना की जायेगी तथा प्रत्येक स्थल पर गणना हेतु कार्मिकों/नोडल अधिकारी की तैनाती की जायेगी।

उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय आवासीय संस्थानों/समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों से अनुरोध है कि प्राप्त निर्देशों के क्रम में कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियों पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम की आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या ई–मेल आई0डी0 dswdbrau@gmail.com पर अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 22 जून, 2025 सायं 04:00 बजे तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

19/06/2025

अजय मिश्रा
(पी.सी.एस.)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उ0प्र0।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
3. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
4. विश्वविद्यालय, जनसम्पर्क अधिकारी।
5. प्रभारी—कुलपति सचिवालय/कैम्प कार्यालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी बेव—साइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लोगिन में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

19/06/2025

अजय मिश्रा
(पी॰सी॰एस॰)
कुलसचिव

ई–मेल

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,**
**लखनऊ–226027**

पत्रांकःई– 4299/32–जी0एस0/2025
दिनांकः 18 जून, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 05.05.2025 एवं इस सचिवालय के पत्र संख्याःई–3458/32–जी.एस./2025, दिनांक 27.05.2025 तथा पत्र संख्याःई–4101/32–जी.एस./2025, दिनांक 11.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"सूर्य नमस्कार योग मुद्रा"** कार्यक्रम **प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक** आयोजित कराया जायेगा। कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, महाविद्यालयों से प्राप्त आख्या साफ्ट कापी में पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

Scanned with CamScanner

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ–226027

पत्रांक: ई– 4101/32–जी.एस./2025
दिनांक: 11 जून, 2025

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय: अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के आयोजन एवं इस अवसर पर योग का विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 05.06.2025 में प्रदत्त निर्देशों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं प्रस्तावित विश्व कीर्तिमान को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए निम्नांकित बिन्दुवार कार्यवाही की जायेगी:–

i. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधा प्रसारण (Live Telecast) की व्यवस्था की जायेगी।

ii. मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के पश्चात् आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी मानक योग प्रोटोकॉल (Standard Yoga Protocol) का पूर्ण रूप से पालन करते हुए योग कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा।

iii. मानक योग प्रोटोकॉल (Standard Yoga Protocol) के उपरान्त माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया का संदेश, जो ऑडियो/वीडियो में होगा, प्रसारित किया जायेगा।

iv. माननीय राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया के संदेश के प्रसारण के पश्चात् विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के उद्देश्य से एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सभी जगह किया जायेगा। इस आयोजन के जियो–टैग फोटोग्राफ एवं वीडियो रिकार्डिंग करायी जायेगी।

v. इस कार्यक्रम के अंतर्गत सूर्य नमस्कार 10 मिनट की अवधि तक किए जाएंगे, जिनके सीक्वेंस एक समान किये जाने हेतु छायाचित्र की प्रति संलग्न है तथा सूर्य नमस्कार में उच्चारित होने वाले मंत्र एवं उसका यू–ट्यूब लिंक भी संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

Scanned with CamScanner

vi. जहाँ तक सम्भव हो सूर्य नमस्कार में प्रतिभागियों की वेशभूषा एक समान रखी जाए।

vii. विश्व कीर्तिमान हेतु प्रत्येक स्थल पर सूर्य नमस्कार के प्रतिभागियों की संख्या की गणना की जायेगी तथा प्रत्येक स्थल पर गणना हेतु कार्मिकों/नोडल अधिकारी की तैनाती की जायेगी।


viii. सूर्य नमस्कार का पूर्ण पारदर्शी तरीके से डॉक्यूमेन्टेशन कराया जायेगा और इस सचिवालय के पत्र संख्या ई–3458/32–जी.एस./2025 दिनांक: 27 मई, 2025 के बिन्दु–3 अनुसार वांछित सूचनाएं इस सचिवालय को दिनाक 24 जून, 2025 की अपराह्न तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।

3. कृपया उक्तानुसार कार्यवाही सम्पादित कराते हुए विश्व कीर्तिमान हेतु पूर्व में प्रेषित निर्देशों के अनुसार निर्धारित समयावधि मे कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ. पंकज एल. जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

# सूर्य के 12 मंत्र

ॐ सूर्याय नमः

ॐ आदित्याय नमः

ॐ मित्राय नमः

ॐ रवये नमः

ॐ भानवे नमः

ॐ खगाय नमः

ॐ पूषणे नमः

ॐ हिरण्यगर्भाय नमः

ॐ मारीचाय नमः

ॐ सावित्रे नमः

ॐ अर्काय नमः

ॐ भास्कराय नमः

नोट : यू–ट्यूब लिंक :

https://www.youtube.com/watch?v=gzmUsJBeqJA&list=RDgzmUsJBeqJA&start_radio=1

Scanned with CamScanner

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ–226027

पत्रांकःई– 3458/32–जी0एस0/2025
दिनांकः 27 मई, 2025

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर प्रातः 07:00 बजे "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 05.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम "Yoga for One Earth, One Health" के अनुसार दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कार्य–योजना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

24.05.25

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

ई–मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ–226027

पत्रांकः ई– 3070/32–जी.एस. / 2025
दिनांकः 15 मई, 2025

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के सम्बन्ध में माननीय कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 05.05.2025 को सम्पन्न हुई बैठक में दिये गये निर्देशानुसार "Yoga for One Earth, One Health" निर्धारित थीम पर कार्य योजना तैयार करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालयों / संस्थानों में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने के लिए निम्नलिखित 10 प्रकार के कार्यक्रम करने-हेतु सुझाव प्रदान किए गए हैं:–

1. **'विरासत से विकासः योग की भूमिका'** –
   इस विषय पर एक विचारोत्तेजक परिचर्चा का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें विषय विशेषज्ञ योग के प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालेंगे।
2. **'एक साथ योगः संकल्प और सामूहिकता का प्रतीक'**–
   विश्वविद्यालय / महाविद्यालय परिसर में भव्य योग प्रदर्शन का आयोजन किया जाए, जिसमें एक ही दिन में कम से कम 51,000 प्रतिभागी एक साथ योगाभ्यास करें, जो एकता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनेगा ।
3. **'अंतर्राष्ट्रीय योग संगोष्ठीः ज्ञान और अनुभव का संगम'**–
   एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया जाए, जिसमें देश–विदेश के योग विशेषज्ञ, शोधकर्ता और Practitioner अपने ज्ञान और अनुभवों का साझा करें।
4. **'योग वाटिका (पार्क): प्रकृति और शांति का आशियाना'** –
   विश्वविद्यालय में एक मनमोहक योग पार्क विकसित किया जाए, जो प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हो और जहाँ विद्यार्थी एवं शिक्षक शांत वातावरण में योगाभ्यास कर सकें।

Scanned with OKEN Scanner

5. 'योग साहित्यः ज्ञान का अक्षय भंडार (योग पर पुस्तक प्रकाशन)' – योग के विभिन्न पहलुओं पर उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकों का प्रकाशन किया जाए, जो न केवल विश्वविद्यालय समुदाय बल्कि व्यापक समाज के लिए भी ज्ञान का स्रोत बनें।

6. 'चंदन वाटिका एवं तालाबः प्रकृति की गोद में विश्राम' – विश्वविद्यालय में सुगंधित चंदन के वृक्षों से युक्त वाटिका और एक शांत तालाब विकसित किया जाए, जो एक आकर्षक पिकनिक स्थल के रूप में विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रकृति के करीब आने और योग अभ्यास करने तथा विश्राम करने का अवसर प्रदान करें।

7. 'योग मैराथनः स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम' – समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ने के लिए एक ऊर्जावान योग मैराथन का आयोजन किया जाए, जो स्वास्थ्य और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दे।

8. 'सामूहिक सूर्य नमस्कारः ऊर्जा और एकाग्रता का अनुभव' – विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाए, जिससे विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार हो और एकाग्रता में वृद्धि हो।

9. 'रोग निवारण में योगः वैज्ञानिक शोध एवं निष्कर्ष'– विभिन्न रोगों पर योग के सकारात्मक प्रभावों पर वैज्ञानिक शोध और शोध पत्रों को प्रोत्साहित किया जाए और उनके निष्कर्षों को सार्वजनिक किया जाए।

10. 'प्रकृति का महत्वः एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी' (पेड़ की उपयोगिता पर प्रदर्शनी) पेड़ों की उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाली एक जानकारीपूर्ण प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए, जिससे प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़े।

अतः उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा दिये गये उक्त सुझावों के अनुसार दिनांक 01.06.2025 से सभी विश्वविद्यालय/संस्थान तथा संबंधित महाविद्यालयों में अपने तरीके से समय सारणी बनाकर अपने–अपने विश्वविद्यालय/संस्थान तथा सम्बन्धित सभी महाविद्यालयों में कार्यक्रम कराएं। उपर्युक्त समस्त दस कार्यक्रम सभी के लिए करना अनिवार्य है।

भवदीय,

( डॉ. पंकज एल. जानी )
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ.प्र.।
2. परिसहाय (ए./पी.) श्री राज्यपाल, उ.प्र.।
3. अपर मुख्य सचिव के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

( हेमन्त कुमार चौधरी )
कुलाधिपति के उप सचिव।

Scanned with OKEN Scann

Scanned with OKEN